हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 10 मई 2026
[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]


तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री


13 विशेषज्ञ डॉक्टरों ने की 90 महिलाओं की कैंसर स्क्रीनिंग




14 दीवान तालाब का पानी प्रदूषित, निस्तारी करने पर हो रहे त्वचा रोग











## खबर संक्षेप

### किसान यूनियन की बैठक 11 को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ किसान यूनियन की बैठक सोमवार 11 मई को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट गार्डन में आयोजित की जाएगी। यूनियन के घनाराम साहू ने बताया कि बैठक में किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। विशेष रूप से खाद-बीज की उपलब्धता, सोसाइटियों में खाद की कमी तथा कालाबाजारी जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। बैठक के बाद किसान यूनियन के पदाधिकारी एवं किसान मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। ज्ञापन में किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज उपलब्ध कराने तथा कालाबाजारी पर रोक लगाने की मांग की जाएगी। सुदर्शन ठाकुर, रामनिहोरा निषाद ने किसानों से बैठक में अपनी समस्याएं रखने की अपील की है।

### शासकीय राशि से लगे विज्ञापन एवं होर्डिंग्स हटेंगे

**धमतरी।** त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है। जिले के चारों जनपद पंचायत क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायत जहां-जहां उप निर्वाचन होना है, के वार्डों में शासकीय राशि से लगे विज्ञापन एवं होर्डिंग्स को हटाना आवश्यक हो गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, स्थानीय निर्वाचन अबिनाश मिश्रा ने चारों जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे आदर्श आचरण संहिता का पालन करते हुए सभी ग्राम पंचायतों एवं संबंधित वार्डों के सीमा क्षेत्र के अंदर शासकीय राशि से लगे विज्ञापनों एवं होर्डिंग्य को हटाने की कार्रवाई करें।

### उप निर्वाचन क्षेत्रों में सम्पत्ति विरूपण नियम प्रभावशील

**धमतरी।** त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 के तहत जिले के चारों जनपद पंचायतों के सदस्यों (पंच, सरपंच) के लिए उप निर्वाचन होना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, स्थानीय निर्वाचन अबिनाश मिश्रा ने आदेश जारी कर बताया कि जहां-जहां उप निर्वाचन होना है, के संबंधित वार्डों में संपत्ति विरूपण नियम प्रभावशील हो गया है। उन्होंने सम्पत्ति विरूपण अधिनियम अनुसार कार्रवाई करने के लिए संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को उनके अधिकार क्षेत्र के लिए अधिकृत किया है।

### ऑनलाइन आवेदन 22 मई तक

**धमतरी।** एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी ग्रामीण के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-01 मोंगरागहन में सहायिका की भर्ती के लिए 22 मई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी ग्रामीण से प्राप्त जानकारी के अनुसार सहायिका भर्ती के लिए इच्छुक उसी ग्राम की निवासी महिलाएं ई-भर्ती पोर्टल में आवेदन कर सकतीं हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन अमान्य किए जाएंगे।

खाद वितरण के लिए नई गाइडलाइन, हर प्रकार की फसल के लिए लिमिट तय

# कृषि वैज्ञानिकों की अनुशंसा पर मिलेगी किसानों को खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

खाद की किल्लत को देखते हुए खाद की राशनिंग करने की तैयारी है। इस नई व्यवस्था में वैज्ञानिकों द्वारा अनुशंसित मात्रा के अनुसार खाद दी जाएगी। यही नहीं दानेदार खाद की जगह अब किसानों को नैनो तकनीक वाली खाद के इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।



जिले में खरीफ सीजन की तैयारी

शुरू हो गई है। उधर पूरे देश में खाद की किल्लत है। इस स्थिति को देखते हुए अब खाद के संतुलित इस्तेमाल पर जोर दिया जा रहा है। कृषि विभाग द्वारा रासायनिक एवं नैनो उर्वरकों की अनुशंसित मात्रा की नई गाइडलाइन जारी कर दी गई है। खाद की यह मात्रा कृषि वैज्ञानिकों द्वारा अनुशंसित है।


शेष पेज 12 पर


### नैनो खाद पर जोर

दानेदार खाद की जगह अब नैनो तकनीक पर आधारित उर्वरक के इस्तेमाल पर जोर दिया जा रहा है। जारी गाइडलाइन के अनुसार समूह क्रमांक एक में किसानों को नैनो यूरिया 16 प्रतिशत की 500 एमएल की एक बॉटल, नैनो डीएपी 8:16 की 500 एमएल की एक बॉटल दी जाएगी। किसान सुविधा अनुसार इसका छिड़काव करेंगे।

### किसानों में नाराजगी

उधर खाद वितरण की इस नई व्यवस्था से किसानों में नाराजगी है। किसान मुरारजी साहू, गिरधर साहू ने बताया कि खेतों की उत्पादन क्षमता काफी कम हो गई है। ऐसे में बिना पर्याप्त खाद के धान का उत्पादन करना मुश्किल है। विभाग द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार खाद का छिड़काव करने पर पैदावारी काफी कम आएगी, जिससे किसानों को नुकसान होगा। उन्होंने बताया कि जिले में खाद का पर्याप्त स्टाक है। ऐसे में जिले के किसानों को मांग के अनुसार आसानी से खाद उपलब्ध कराई जा सकती है।

### रोकेंगे कालाबाजारी

कृषि वैज्ञानिकों की अनुशंसा के अनुसार खाद का इस्तेमाल करने पर जोर दिया जा रहा है। खाद की कालाबाजारी भी रोकने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। अभी पुरानी व्यवस्था के तहत किसानों का खाद उपलब्ध कराई जाएगी।

- **मोनेश साहू**, *उपसंचालक कृषि*

### ई-उर्वरक साफ्टवेयर तैयार नहीं

खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए शासन द्वारा ई-उर्वरक साफ्टवेयर से खाद वितरण की व्यवस्था की गई है, लेकिन अब तक इसके लिए साफ्टवेयर बनकर तैयार नहीं है। उधर खरीफ सीजन शुरू हो गया है। किसान खाद का स्टॉक कर रहे हैं। स्थिति को देखते हुए अब पुरानी व्यवस्था के तहत ही खाद वितरण की तैयारी की जा रही है। संभवतः सोमवार से पुरानी व्यवस्था के तहत किसानों को खाद वितरण शुरू कर दिया जाएगा।

# उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के 166 अतिक्रमणकारियों की जमानत खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

टाइगर रिजर्व में अवैध अतिक्रमण एवं वनों की कटाई के मामले में 135 आरोपियों की भी अग्रिम जमानत खारिज हो गई है। ज्ञात हो कि 2 मई को 31 आरोपियों की अग्रिम जमानत न्यायालय ने निरस्त की थी।

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व से प्राप्त जानकारी के अनुसार रिजर्व के संरक्षित कोर क्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेश कर अतिक्रमणकारियों ने सालों से वन संसाधनों को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। हाल ही में 274 पेड़ों की छाल को छिलकर सुखाया गया। 237 वृक्षों को काटने तथा कुछ पेड़ों के ठूंठ को जलाने के साक्ष्य मिले हैं। उपग्रह विश्लेषण के अनुसार सन 2011 में अतिक्रमण प्रारंभ हुआ। 15 वर्षों में अतिक्रमण 106 हेक्टेयर तक फैल गया। अतिक्रमण के सभी 166 आरोपियों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता धारा 35 तथा वाइल्ड प्रोटेक्शन एक्ट के तहत नोटिस जारी किया गया। नोटिस के जवाब में कुछ आरोपियों ने स्वीकार किया है कि उनके पास अतिक्रमित भूमि का वैध प्रमाण-पत्र नहीं है। कई आरोपियों ने जांच में सहयोग नहीं किया। जांच में पता चला है कि अधिकांश आरोपियों के पास टाइगर रिजर्व के बाहर निजी भूमि है।

▪ अतिक्रमित वन पर श्रमदान से बनेंगे हजारों कंटूर ट्रेंच

वन संरक्षण और कानून के सख्त पालन की दिशा में



जिला एवं सत्र न्यायालय धमतरी ने टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में अवैध अतिक्रमण एवं वृक्षों की कटाई के मामले में सभी 166 आरोपियों की अग्रिम जमानत खारिज कर दी है।

### पुनर्जीवित होगा जंगल, 50 हजार ट्रेंच बनेंगे

महानदी बेसिन क्षेत्र के क्षतिग्रस्त 106 हेक्टेयर को वन विभाग पारिस्थितिक पुनर्स्थापना के लिए व्यापक अभियान शुरू करेगा। इस अभियान के अंतर्गत 50 हजार जल संरक्षण संरचनाओं (कंटूर ट्रेंच, कंटूर बंड, ब्रश हुड, चेक डेम) का निर्माण श्रमदान से किया जाएगा। स्थानीय पारिस्थितिकी को सुदृढ़ करने एवं वन्य जीवों के लिए खाद्य उपलब्धता बढ़ाने फलदार प्रजातियों के पौधे बड़ै पैमाने पर रोपे जाएंगे। यह मानव वन्य जीव द्वंद्व को नियंत्रित करेगा।

## नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शादी के चार महीने बाद एक नवविवाहिता ने अपने ससुराल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम परसतराई निवासी कामेश्वरी साहू उम्र 24 वर्ष की शादी चार महीने पहले 20 दिसंबर 2025 को मुनेश कुमार साहू के साथ हुई थी। शादी के बाद कामेश्वरी मायका सोरिद जोधापुर से अपने ससुराल ग्राम परसतराई आ गई थी। पति मुनेश वाहन चलाने का काम करता है। महिला की अक्सर तबीयत खराब रहती थी जिसके कारण वह परेशान रहती थी। शनिवार की सुबह तक महिला घर में सामान्य रूप से बातचीत कर रही थी। उसके बाद लगभग 11 बजे वह टीवी देखकर उठी और अपने कमरे में जाकर भीतर से दरवाजा बंद कर लिया। महिला ने कमरे के ऊपर लगे शीट के लोहे के पाइप में गमछा का फंदा बना फांसी लगा आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को वरदान संस्था की एम्बुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया।

▪ परसतराई की घटना

### जानकारी देने पुलिस गंभीर नहीं

एक तरफ पुलिस कप्तान द्वारा अधिकारियों को बेहतर पुलिसिंग व जनसंपर्क के लिए निर्देशित किया जाता है लेकिन पुलिस अधिकारी व कर्मचारी प्राप्त निर्देशों को कितनी गंभीरता से लेते हैं। इसका ताजा उदाहरण शनिवार को देखने को मिला। नवविवाहिता द्वारा आत्महत्या कर लेने की गंभीर घटना की जानकारी देने, पोस्टमार्टम कराने जिला अस्पताल पहुंची अर्जुनी थाना की महिला एएसआई ने मीडिया का सहयोग न कर टाल-मटोल रवैया अपनाया। उनका यह व्यवहार बेहतर पुलिसिंग पर सवालिया निशान लगा रहा है।

## भखारा तहसील का राजस्व निरीक्षक मोहित सस्पेंड

**अंवरी।** सीमांकन कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में भखारा भठेली के राजस्व निरीक्षक मोहित कुमार सोनी को कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने निलंबित कर दिया है। बताया जा रहा है कि सीमांकन कार्य को तय समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन समय सीमा समाप्त होने के बाद भी काम पूरा नहीं किया गया। मामले में भारी लापरवाही सामने आई। इसे गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार ने राजस्व निरीक्षक को पहले नोटिस जारी कर जवाब मांगा था, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिलने और कार्य में सुधार नहीं होने पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया।

कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व निरीक्षक मोहित कुमार सोनी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा है कि शासन के कार्यों में लापरवाही और समय सीमा का पालन नहीं करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद राजस्व विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

## ननिहाल आए बच्चे की तालाब में डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नाना-नानी के घर गर्मी छुट्टी मनाने आये सात वर्षीय बच्चे की गांव के तालाब में डूबने से मौत हो गई ।



अस्पताल चौकी पुलिस के अनुसार प्राइवेट स्कूल में शिक्षक के पद पर पदस्थ गीतेश्वर प्रसाद कुर्रे उम्र 36 वर्ष ग्राम औरी थाना भिलाई निवासी का पुत्र मिहिर कुर्रे उम्र 7 वर्ष गर्मी छुट्टी मनाने सप्ताह भर पहले अपने नाना नानी के घर ग्राम पुरैना थाना भखारा आया था। शनिवार को मिहिर अपने मामा किशनकुमार मेहता के साथ गांव के अंगारमोती तालाब में नहाने के लिए गया था। नहाते समय मिहिर तालाब के गहरे पानी में चला गया। गहराई में फंस जाने से बच्चा तालाब में डूब गया। घटना की जानकारी होते ही किसी तरह बच्चे को पानी से बाहर निकाल उपचार के लिए तत्काल भखारा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से बच्चे को मसीही अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने चेकअप के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने पंचनामा, पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

▪ भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम पुरैना की घटना

### बस स्टैंड के पास मृत मिला युवक



**धमतरी।** बस स्टैंड के पास एक युवक को मृत हालत में पाया गया। युवक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

सिटी कोतवाली पुलिस को शुक्रवार की शाम बस स्टैंड के पीछे पास स्थित एक होटल के सामने एक युवक के पड़े होने की सूचना मिली। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची, जहां एक युवक औंधे मुंह पड़ा हुआ था। उसके सिर पर हल्की चोट के निशान थे। उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस शव को जिला अस्पताल भेज शिनाख्ति के प्रयास में जुट गई। मृतक की पहचान गोवर्धन ढीमर उर्फ गोलू पिता घनश्याम उम्र 41 वर्ष कोष्टापारा निवासी के रूप में की गई। परिजनों के आने पर पुलिस ने शनिवार को पंचनामा की कार्रवाई की। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

95 प्रतिशत दिव्यांगता को मात देकर मां ने गढ़ा एक विश्व प्रसिद्ध कलाकार

# मदर्स डे पर विशेष : ममता की छांव में 'बसंत' का उदय



यशवंत गंजीर ⏭ कुरूद

कहते हैं कि मां की दुआओं में वह शक्ति होती है जो नियति की लकीरों को भी बदल सकती है। धमतरी जिले के कुरुद निवासी बसंत साहू की कहानी इस बात का जीवंत प्रमाण है। 95 प्रतिशत दिव्यांगता और 31 वर्षों से बिस्तर पर रहने के बावजूद यदि आज बसंत एक अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चित्रकार हैं, तो इसका पूरा श्रेय उनकी मां श्रीमती अहिल्याबाई साहू की अटूट तपस्या को जाता है।

### जब डॉक्टरों ने कहा असंभव मां ने कहा उठो बेटा

15 सितंबर 1995 का वह काला शुक्रवार बसंत की जिंदगी में एक तूफान बनकर आया। एक सड़क हादसे में उनकी स्पाइनल कॉर्ड बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे गले के नीचे का पूरा शरीर निष्क्रिय हो गया। मात्र 23 वर्ष की उम्र में डॉक्टरों ने उन्हें जीवित लाश मान लिया था। लेकिन मां अहिल्याबाई ने हार नहीं



मानी। उन्होंने संकल्प लिया कि उनका बेटा बिस्तर पर दम नहीं तोड़ेगा, बल्कि दुनिया को अपनी कला से रोशन करेगा।

### कैनवास पर उकेरी जीत की दास्तां

बिस्तर पर पड़े-पड़े बसंत ने ब्रश थाम लिया। उनकी कला में छत्तीसगढ़ की माटी की महक और जीवन का संघर्ष साफ झलकता है। उनकी अद्भुत चित्रकारी के लिए उन्हें देश के सर्वोच्च सम्मानों में से एक राष्ट्रपति सम्मान से नवाजा गया। आज उनकी पेंटिंग्स राष्ट्रपति भवन और विदेशों की प्रतिष्ठित आर्ट गैलरीज में लगी हैं।

### बसंत फाउंडेशन : मां के संस्कारों की अगली कड़ी

मां के सेवाभाव को आगे बढ़ाते हुए बसंत ने बसंत फाउंडेशन की स्थापना की। यह संस्था बस्तर के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के बच्चों को मुफ्त कला शिक्षा दे रही है। जरूरतमंद दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर बना रही है। अब तक कई छात्रों को खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय जैसे बड़े संस्थानों तक पहुंचा चुकी है।


### फिर से जीना सिखाया

मेरी मां ने मुझे सिर्फ संभाला नहीं, बल्कि जिंदगी दोबारा जीना सिखाया। मेरी मां ने मुझे केवल जन्म नहीं दिया, बल्कि मुझे फिर से जीना सिखाया। आज मैं जो कुछ भी हूं, उनकी तपस्या का परिणाम हूं।

- बसंत साहू

### कैंसर से लड़ती मां बेटे के लिए बनी ढाल

अहिल्याबाई का संघर्ष केवल बेटे की शारीरिक देखभाल तक सीमित नहीं था। एक ओर वे बसंत की हिम्मत



बंधा रही थीं, तो दूसरी ओर वे स्वयं ब्रेस्ट कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से जूझ रही थीं। अपनी असहनीय पीड़ा को चेहरे पर लाए बिना, उन्होंने दिन-रात बेटे की सेवा की। मां के इसी विश्वास ने बसंत को टूटने नहीं दिया और उन्होंने रंगों को अपना साथी बना लिया।

### एक सलाम मां के नाम

अहिल्याबाई साहू आज उन करोड़ों माताओं के लिए प्रेरणा हैं, जो विपरीत परिस्थितियों में भी हार नहीं मानतीं। उन्होंने साबित कर दिया कि मां का आंचल सिर्फ ममता ही नहीं, बल्कि साहस और सृजन का भी उद्गम स्थल है।

## खबर संक्षेप




### व्यापारी पुत्र को दी धमकी और की मारपीट थाने में रिपोर्ट दर्ज

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर में एक व्यापारी परिवार के युवक के साथ कथित मारपीट और धमकी का मामला सामने आया है। मामले में पीड़ित पक्ष ने थाना पहुंचकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार शांतिलाल भंसाली ने भानुप्रतापपुर थाना में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उनका हार्डवेयर व्यवसाय है और उनका परिवार संबलपुर में निवास करता है। आवेदन में उन्होंने आरोप लगाया है कि 7 मई की रात करीब 9 बजे उनका पुत्र श्रेयांश भंसाली अपने चाचा सुनील भंसाली के साथ तराशा होटल के पास गया हुआ था। इसी दौरान वहां पहुंचे राजू सोनी ने कथित रूप से युवक के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौच की और जान से मारने की धमकी दी। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि आरोपी ने हाथ-मुक्कों से मारपीट की तथा गला दबाने का प्रयास किया, जिससे युवक के गले और बांये गाल में चोट आई। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि आरोपी ने परिवार को लेकर भी आपत्तिजनक बातें कहीं और पूरे खानदान को देख लेने की धमकी दी।

## निधन

### रामूराम तारक

**सिर्री।** ग्राम सिर्री निवासी रामूराम तारक उम्र 76 वर्ष का निधन 6 मई दिन बुधवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। वे रंभा बाई तारक के पति और नरेश, राजेश तारक के पिता थे। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने काफी संख्या में लोग शामिल हुए।



## प्रथम पृष्ठ का शेष

### कृषि वैज्ञानिकों की अनुशंसा पर मिलेगी किसानों को खाद

कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार हर फसल के लिए खाद की अलग- अलग मात्रा निर्धारित की गई है। खाद वितरण को विभिन्न 9 समूहों में बांटा गया है। किसान अपने हिसाब से खाद का समूह चयन कर सकते हैं। इसी के आधार पर उन्हें खाद उपलब्ध कराई जाएगी। खाद के समूह-1 के तहत धान की खेती हेतु 1 एकड़ के लिए एक बोरी यूरिया 45 किलो, 1 बोरी डीएपी और 1 बोरी पोटाश की पात्रता तय की गई है। वहीं मक्का के लिए 6 एकड़ के रकबे पर यूरिया की कुल पात्रता 6 बोरी निर्धारित है। जबकि दलहन के लिए यह मात्रा एक बोरी रखी गई है। समस्या यह भी है कि पारंपरिक बोरियों के बजाय अब सरकार नैनो यूरिया 500 एमएल बोतल के उपयोग पर अधिक जोर दे रही है।

# विधायक ओंकार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आमदी का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विधायक ओंकार साहू ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आमदी का निरीक्षण कर वहां की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं, दवाइयों की उपलब्धता, उपचार व्यवस्था तथा कर्मचारियों की उपस्थिति की जानकारी ली।

विधायक ओंकार साहू ने अस्पताल पहुंचे मरीजों एवं उनके परिजनों से सीधे संवाद कर स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मरीजों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष ऋषभ ठाकुर, पार्षद चितेंद्र साहू, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

विधायक ओंकार साहू ने आश्वासन दिया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आमदी में आवश्यक सुविधाओं के विस्तार एवं स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे, ताकि क्षेत्र की जनता को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके।

## अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, दवाइयों की उपलब्धता की ली जानकारी



### मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार मिले, लापरवाही बर्दाश्त नहीं

निरीक्षण के दौरान उन्होंने डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ बैठक कर अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा की। उन्होंने आवश्यक दवाइयों की नियमित उपलब्धता, जांच सुविधाओं को बेहतर बनाने तथा मरीजों के साथ संवेदनशील व्यवहार रखने के निर्देश दिए। विधायक ने यह भी कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले प्रत्येक मरीज को गुणवत्तापूर्ण उपचार मिले, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## सूचना देने वाले को 25 हजार रुपए का इनाम मिलेगा, ग्रामीणों ने नशामुक्त गांव बनाने का लिया संकल्प

# हिंछापुर में कच्ची शराब के खिलाफ निर्णायक जंग, पकड़े जाने पर लगेगा 50 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

खबर का असर

नगरी ब्लॉक मुख्यालय से महज 6 किलोमीटर दूर लगभग 1500 से अधिक आबादी वाला ग्राम हिंछापुर इन दिनों अपने साहसिक फैसले को लेकर पूरे क्षेत्र में चर्चा का केंद्र बना हुआ है। वर्षों से अवैध कच्ची शराब के कारोबार और उससे बिगड़ते सामाजिक माहौल से परेशान गांव ने अब नशे के खिलाफ खुली और निर्णायक लड़ाई का ऐलान कर दिया है।

गौरतलब है कि ग्राम हिंछापुर में लंबे समय से लगभग 32 लोगों द्वारा अवैध रूप से कच्ची शराब बनाकर बेचने का कारोबार संचालित किया जा रहा था। इसके कारण गांव का सामाजिक वातावरण प्रभावित हो रहा था। युवा वर्ग नशे की गिरफ्त में आता जा रहा था, वहीं छोटी-छोटी बातों पर विवाद, पारिवारिक कलह और मारपीट जैसी घटनाएं भी बढ़ने लगी थीं। आबकारी विभाग और पुलिस प्रशासन द्वारा समय-समय पर कार्रवाई भी की गई, लेकिन समस्या जड़ से समाप्त नहीं हो पा रही थी।







खुलेआम बिक रही महुआ शराब, ग्रामीणों ने लगाया पुलिस, आबकारी पर संरक्षण का आरोप
हिंछापुर बना कच्ची शराब बनाने वालों का मजबूत किला, यहां नहीं होती कार्रवाई

### एसडीओपी विपिन रंगारी की पहल पर हुई ग्रामसभा

गांव में बढ़ते अवैध शराब कारोबार और उससे उत्पन्न सामाजिक बुराइयों को लेकर लगातार प्रकाशित समाचारों के बाद प्रशासन ने भी गंभीरता दिखाई। इसी क्रम में नगरी एसडीओपी विपिन रंगारी ने पूरे मामले को प्राथमिकता में लेते हुए विशेष पहल की। विगत दिनों हिंछापुर में आयोजित ग्रामसभा में एसडीओपी विपिन रंगारी, सिहावा थाना प्रभारी एवं पुलिस टीम गांव पहुंची और ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया।

### पुलिस प्रशासन करेगा पूर्ण सहयोग

ग्रामीणों ने खुलकर अपनी समस्याएं रखीं और एकमत होकर यह स्वीकार किया कि गांव को अवैध कच्ची शराब के दुष्प्रभावों से मुक्त कराना अब समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। सभी ने इस सामाजिक बुराई को जड़ से समाप्त करने हरसंभव प्रयास करने का संकल्प लिया। इस दौरान एसडीओपी विपिन रंगारी ने ग्रामीणों को नशे से होने वाले सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शराब की लत न केवल परिवारों को आर्थिक रूप से कमजोर करती है, बल्कि समाज में अपराध, घरेलू हिंसा और असामाजिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देती है। उनकी प्रेरक अपील का ग्रामीणों पर गहरा असर पड़ा और पूरे गांव ने एक स्वर में हिंछापुर को नशामुक्त गांव बनाने का संकल्प लिया।

### शासकीय योजनाओं से होंगे वंचित

ग्रामीणों ने ग्रामसभा में फैसला लिया कि यदि गांव में कोई व्यक्ति कच्ची शराब बनाते या बेचते पाया गया, तो उससे 50 हजार रुपये का जुर्माना वसूला जाएगा। साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से भी वंचित करने की अनुशंसा की जाएगी। अवैध शराब कारोबार की सूचना देने वाले व्यक्ति को 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जायेगी।

### सामाजिक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

एसडीओपी विपिन रंगारी ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा कि पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार के नेतृत्व और मार्गदर्शन में जिलेभर में नशा मुक्ति और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। हिंछापुर के ग्रामीणों द्वारा लिया गया यह सामूहिक संकल्प निश्चित रूप से सामाजिक बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पुलिस प्रशासन गांव के इस प्रयास में हरसंभव सहयोग करेगा।

## एक ही परिवार की दो बेटियां जिले के टॉप टेन में

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

जीनियस पब्लिक इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल नगरी में अध्ययनरत श्रेयांशी साहू पिता नरेन्द्र कुमार साहू माता श्रीमती माधुरी साहू ग्राम परसवानी (दहदहा) ने 97 प्रतिशत अंकों से जिले के टॉप टेन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह वान्या साहू पिता सेवक राम साहू माता श्रीमती महेश्वरी साहू ग्राम नगरी निवासी ने भी 94.67 प्रतिशत अंकों के साथ जिले के टॉप टेन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दोनों छात्रा एक ही संस्था में अध्यनरत हैं तथा एक ही परिवार की बहनें हैं। दोनों बेटियों की उपलब्धि पर संस्था प्राचार्य, स्टाफ, परिवारजनों एवं ग्रामवासियों ने हर्ष जताया है।



## आमसभा, जुलूस लाउडस्पीकर की अनुमति के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी अधिकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 के तहत जिले के चारों जनपद पंचायतों के सदस्यों (पंच, सरपंच) के लिए उप निर्वाचन होना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, स्थानीय निर्वाचन अबिनाश मिश्रा ने चारों जनपदों के सभी ग्राम पंचायत, जहां-जहां उप निर्वाचन होना है, वहां अभ्यर्थियों द्वारा जुलूस, आमसभा, लाउडस्पीकर आदि की अनुमति मांगे जाने पर नियमानुसार अनुमति देने के लिए संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी को उनके अधिकार क्षेत्र के जनपद पंचायतों के लिए अधिकृत किया है।



# 8 दुकानों से पॉलीथिन जब्त, 4000 रुपए का चालान कटा

■ नगर पंचायत आमदी के अधिकारी-कर्मचारियों ने किया प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)

नगर पंचायत आमदी के अधिकारी-कर्मचारियों ने कलेक्टर के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत मिशन के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से नगर के प्रतिष्ठानों में औचक निरीक्षण किया। पहले चरण में कुल 8 दुकानदारों से पॉलीथिन जब्त कर कुल 4000 रुपए का चालान काटा गया तथा सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग न करने और उससे होने वाले नुकसान की जानकारी दी गई।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक शुक्ला ने बताया कि हॉल एवं कैटर्स को चिन्हांकित कर एकल उपयोग प्लॉस्टिक के विकल्प के रूप में दोना पत्तल के उपयोग को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए हैं। आवास एवं पर्यावरण विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कैरी बैग के अतिरिक्त अल्प जीवन पीवीसी एवं क्लोरीनयुक्त प्लास्टिक अर्थात विज्ञापन एवं प्रचार सामग्री (पीवीसी के बैनर, फ्लेक्स, होर्डिंग्स, फोम बोर्ड आदि) तथा खानपान के लिये प्रयुक्त प्लास्टिक की वस्तुएं (कप, ग्लास, प्लेट, बाउल एवं चम्मच) का तत्काल प्रभाव से विनिर्माण, भण्डारण, आयात, विक्रय, परिवहन एवं उपयोग छत्तीसगढ़ राज्य में प्रतिबंधित किया गया है। प्रतिबंधित सामग्री पर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# विश्व रेडक्रॉस दिवस पर महिलाओं की नि:शुल्क कैंसर जांच

■ शिविर में महाविद्यालय की रेडक्रॉस इकाई के स्वयंसेवकों ने निभाई सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

विश्व रेडक्रॉस दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मगरलोड में महिलाओं के लिए निःशुल्क कैंसर जांच एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा समय पर जांच एवं उपचार हेतु प्रेरित करना रहा। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने स्वास्थ्य परीक्षण एवं कैंसर जांच का लाभ प्राप्त किया। विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने महिलाओं की जांच कर आवश्यक परामर्श एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में महाविद्यालय की रेडक्रॉस इकाई के स्वयंसेवकों ने सहभागिता निभाते हुए सेवा कार्य, पंजीयन व्यवस्था, मरीजों के मार्गदर्शन एवं शिविर संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। स्वयंसेवकों में खुमेश्वर साहू, युवराज सोनी, वीरेंद्र कुमार, लुकेश्वरी, भूमिका, देहुति एवं मोनिका पटेल शामिल रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर ने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य एवं सेवा आधारित कार्यक्रम विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, सेवा भावना एवं मानवता के मूल्यों को विकसित करते हैं। उन्होंने रेडक्रॉस इकाई के स्वयंसेवकों एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों की प्रशंसा की।




कार्यक्रम का संचालन रेडक्रॉस प्रभारी श्रीमती दिव्या देवांगन तथा श्रीमती अनीता साहू अतिथि व्याख्याता ने किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कहा कि रेडक्रॉस का मूल उद्देश्य मानव सेवा एवं जरूरतमंदों की सहायता करना है।

# दसवीं में गोमती व बारहवीं में गणिका अव्वल

■ रामपुर स्कूल में बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭बगदेही(धमतरी)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में बोर्ड परीक्षा परिणाम एवं स्थानीय वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित हुआ।

कक्षा दसवीं में प्रथम गोमती पिता शिवनारायण सतनामी 92 प्रतिशत, द्वितीय भूमिका पिता सरित कुमार यादव 83.8 प्रतिशत, तृतीय मेघा पिता पन्ना लाल साहू 83 प्रतिशत रहे। दसवीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। विद्यार्थियों की कुल संख्या 47 थी जिसमें प्रथम श्रेणी में 24 विद्यार्थी एवं द्वितीय श्रेणी में 23 विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे। कक्षा बारहवीं में प्रथम गणिका पिता चिंताराम साहू 80.8 प्रतिशत, द्वितीय छत्रपाल पिता नंदीश्वर निषाद 78.2 प्रतिशत, तृतीय किरण पिता डोमेश्वर 76.6 प्रतिशत रहे। कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम 92 प्रतिशत एवं कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा।



इस उपलब्धि पर प्राचार्य एमआर मनहर, वरिष्ठ व्याख्याता आरके बघेल, आरके टंडन, एचके साहू, केके वर्मा, बीके निषाद, जेके साहू, जीके साहू, डीके साहू, एस अग्रवाल, जे ध्रुव, पी शर्मा, एस साहू, एल सोन, एम ठाकुर ने हर्ष जताया है।

## आमदी कॉलेज में साइटोलॉजी पर हुआ विशेष व्याख्यान

# छात्रों ने कोशिका झिल्ली, पैकेजिंग और इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी पर किए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन में प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा ''साइटोलॉजी'' विषय पर विशेष व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता गोविंद साहू सहायक प्राध्यापक प्राणीशास्त्र बीसीएस शास. स्ना. महाविद्यालय धमतरी रहे। प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा ने कहा कि साइटोलॉजी आधुनिक जीव विज्ञान की आधारशिला है। कोशिका की सूक्ष्म संरचना को समझे बिना हम रोगों के कारण, आनुवांशिकता के रहस्य और जैव प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोगों को नहीं जान सकते। आज का युग अनुसंधान का युग है। सभी विद्यार्थी इस विषय को केवल परीक्षा की दृष्टि से न पढ़कर जिज्ञासा एवं शोध की भावना से पढ़ें।




मुख्य वक्ता गोविंद साहू ने कोशिका की परिभाषा एवं इतिहासः रॉबर्ट हुक से आधुनिक कोशिका सिद्धांत तक, प्रोकैरियोटिक व यूकैरियोटिक कोशिका की संरचना, माइटोकॉन्ड्रिया, राइबोसोम, लाइसोसोम की संरचना, कार्य संबंध, कोशिका विभाजनः माइटोसिस व मियोसिस का महत्व व स्टेम सेल, कैंसर बायोलॉजी, जीन थेरेपी पर प्रकाश डाला। व्याख्यान के बाद 10 मिनट का प्रश्नोत्तर सत्र रखा गया। छात्रों ने कोशिका झिल्ली, पैकेजिंग और इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी पर प्रश्न पूछे। छात्रों को न्यूक्लियस की अल्ट्रास्ट्रक्चर आसानी से समझ आया।

प्राणीशास्त्र विभाग से महेश कुमार ने कहा कि साइटोलॉजी आधुनिक जीव विज्ञान की आधारशिला है। स्टेम सेल थेरेपी, कैंसर उपचार, जीन एडिटिंग जैसे क्षेत्र साइटोलॉजी की देन है। मौके पर सहायक प्राध्यापक डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल, तरुण बैनर्जी, अंकित बोधवानी, डिगेश्वर अटल, युगेश्वर प्रसाद, रमेश कुमार, डॉ. खुशबू ठाकुर, आंचल अरोरा समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# सशिमं घटुला का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

■ परिश्रम और अनुशासन के साथ आगे बढ़ें : प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

जिला केंद्रीयकृत प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक प्रमाण-पत्र परीक्षा तथा अरुण से सप्तम तक की परीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय घटुला में कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंद्र कुमार टेमरे थे। अध्यक्षता संतोष कुमार शेष ने की। विशेष अतिथि प्रीतम सहारे तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य भानूराम सोम थे।

परीक्षा विभाग प्रमुख हरेंद्र पटेल ने परीक्षावृत्त प्रस्तुत किया।





प्रधानाचार्य भानूराम सोम ने परीक्षा परिणाम की औपचारिक घोषणा की।

उन्होंने बताया कि कक्षा पंचम में कुल 37 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें सभी 37 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। परीक्षा परिणाम 95.50 प्रतिशत रहा। कक्षा अष्टम में कुल 55 विद्यार्थी शामिल हुए, परिणाम 94.50 प्रतिशत रहा। कक्षा अरुण में भूपाली सोरी ने 99.6 प्रतिशत प्रथम , उत्कल सहारे 98.4 प्रतिशत के साथ द्वितीय, जबकि युवन्या देवांगन 98 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय रही। काव्यांश पटेल ने भी 98 प्रतिशत अंक अर्जित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। हर्षित टेमर एवं धनेन्द्र देव ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किया।

कक्षा पंचम में ट्विंकल साहू 95.50 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम रही। सार्थक पटेल 95 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा स्नेहा नेताम 94.50 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय रही। छठवीं में हेमलता साहू 97 प्रतिशत, कक्षा सप्तम में लक्ष्मी साहू ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। कक्षा अष्टम में देविका सोनवानी ने 94.33 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, अनुराग देवांगन 93.83 प्रतिशत द्वितीय व गरिमा नेताम 93.17 प्रतिशत के साथ तृतीय रही। नंदिनी नेताम एवं कामिनी साहू ने 92.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। मौसमी नाग ने 90.17 प्रतिशत के साथ पंचम तथा आराधना ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर षष्ठम स्थान हासिल किया।

प्रधानाचार्य भानूराम सोम ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर स्कूल स्टाफ धानेश्वर ठाकुर, समरसिंह मरई, जागेश्वरदास मानिकपुरी, लोकेश साहू, परमानंद साहू, दुलेश साहू, गणेश्वरी ध्रुव, रजैन सोरी, गीता साहू, प्रभा मरकाम, अन्नपूर्णा साहू मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### जनरेटर खराब होने से नेटवर्क सर्विस ठप

**दुर्गुकोंदल।** ग्राम पंचायत जेठेगांव में स्थित जीईओ मोबाइल टावर पिछले एक सप्ताह से खराब पड़ा हुआ है, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि टावर में लगा जनरेटर लंबे समय से खराब है और बिजली गुल होते ही नेटवर्क पूरी तरह बंद हो जाता है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और कंपनी प्रबंधन से शीघ्र टावर सुधार कार्य कराने तथा नियमित नेटवर्क सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि लोगों को डिजिटल सेवाओं का लाभ सुचारू रूप से मिल सके।

### जहर खाकर युवती ने की आत्महत्या

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत टिकरापारा कांकेर निवासी 19 वर्षीय दुर्गा वाल्मिकी पिता संतू राम का इलाज के दौरान 7 जनवरी को मौत हो गया। रायपुर के निजी अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतिका ने चूहा मारने के दवाई का सेवन किया था, जिसके कारण मृतिका की तबियत बिगड़ गई थी व इलाज के दौरान मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### देशी शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार

**कांकेर।** चारामा पुलिस को मुखबिर से 8 मई को जानकारी मिला कि ग्राम जामबाहर निवासी चन्द्रहास सिन्हा अपने पुराने मकान में अवैध रूप से बिक्री करने के उद्देश्य से शराब छिपाकर रखा हुआ है। पुलिस ने आरोपी जामबाहर निवासी 38 वर्षीय चन्द्रहास सिन्हा पिता मेहतर राम सिन्हा के कब्जे से एक प्लास्टिक कैरेट में रखी 15 नग अंग्रेजी बियर एवं दूसरे कैरेट में रखी 44 पौवा देशी शराब बरामद की गई। पुलिस द्वारा कुल 17.670 लीटर शराब, जिसकी अनुमानित कीमत 6 हजार 730 रुपएं बताई गई। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# रेडक्रॉस वालंटियर्स ने निःशुल्क कैंसर और स्वास्थ्य जांच शिविर में निभाई भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय के प्राचार्य डा. अश्वनी कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन एवं रेडक्रास नोडल अधिकारी प्रो. कौशल नायक तथा सहसंयोजक प्रो. लोकेश्वरी राठिया के निर्देशन में शासकीय सिविल अस्पताल में महिलाओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय के रेडक्रास सदस्य एवं वालंटियर्स ने विशेष सहयोग किया। शिविर में कैंसर स्क्रीनिंग, स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, सामान्य स्वास्थ्य जांच, स्त्री रोग परामर्श, महिलाओं की अन्य शारीरिक समस्याओं की विशेषज्ञों द्वारा निःशुल्क जांच एवं परामर्श दिया गया। प्राचार्य डा अश्वनी कुमार ध्रुव ने बताया कि रेडक्रास सोसाइटी स्वास्थ्य शिविरों और मानवीय सहायता के क्षेत्र में एक अग्रणी संस्था है। सहसंयोजक प्रोफेसर लोकेश्वरी राठिया ने

**शासकीय सिविल अस्पताल में महिलाओं की हुई कैंसर स्क्रीनिंग**



महिलाओं को कैंसर संबंधित जानकारी प्रदान की। रेडक्रास वालंटियर्स द्वारा निशुल्क जांच शिविर में सहयोग किया गया। इसके अतिरिक्त मरीजों के आवश्यक दस्तावेज जैसे आधारकार्ड, पर्ची या पहचान पत्र साथ रखने की जानकारी दी गई। बीएमओ डॉ डीएन सोम ने कहा कि इस प्रकार का आयोजन आमजनों के लिए लाभदायक है। डॉ आशुतोष टंडन, डॉ तारिणी साहू ,बीपीएम हितेंद्र साहू, सीएचओ डिंपी गंजीर, लोकेश साहू काउंसलर, उमेश सेन, राजू मार्कण्डेय ने रेडक्रॉस वालंटियर्स को शिविर संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। मौके पर महाविद्यालय की रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्य भूषणकुमार साहू, सागर मांडवी, सुश्री सीता नेताम एवं वांलटियर्स गीतांजलि, नोमेश, युक्ता, रेणुका, तुजाता, जागृति, फिजा, जयश्री, दामिनी, भूमिका, भूमिजा, टीनम, रोशनी, दिवस, अरूण, दीपांशु, लक्की, लोकश्वरी वट्टी, झरना, महिमा उपस्थित थे।

## विश्व रेडक्रास दिवस पर जिला अस्पताल में लगा स्वास्थ्य जांच व समाधान शिविर

# विशेषज्ञ डॉक्टरों ने की 90 महिलाओं की कैंसर स्क्रीनिंग





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

महिलाओं में कैंसर के प्रति जागरुकता को बढ़ाने के उद्देश्य से विश्व रेडक्रास सोसाइटी के स्थापना दिवस पर जिला अस्पताल में आयोजित शिविर में महिलाओं की कैंसर स्क्रीनिंग कर स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श दिया गया।

विश्व रेडक्रास सोसाइटी के तत्वावधान में शुक्रवार को जिला अस्पताल में जिले की महिलाओं के लिए विशेष कैंसर स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा थे। वहीं कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, डा.हीरा महावर, बीके सरिता, राजेश शर्मा, श्यामलाल नेताम, रितुराज पवार, डिप्टी कलेक्टर डी.एक्का, रेडक्रास की चेयरमेन प्राप्ति वासानी, मनोज चंद्राकर, सिविल सर्जन अरूण टोंडर, डीपीएम प्रिया कंवर की उपस्थिति रही।

### रक्तदान सबसे बड़ा दान : महापौर

शिविर का शुभारंभ करते हुए महापौर रामू रोहरा ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन देने का कार्य करता है। उन्होंने युवाओं से रक्तदान के लिए समाज में जागरुकता फैलाने की अपील की। श्री रोहरा ने आगे कहा कि विश्व रेडक्रास दिवस केवल एक आयोजन नहीं बल्कि मानव सेवा का प्रतीक है। रेडक्रास संस्था वर्षों से जरुरतमंदों की सहायता, आपदा राहत एवं स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। इस दौरान महापौर ने धमतरी रेडक्रास सोसाइटी के लिए कार्यालय सेवाओं के सुचारू संचालन करने कार्यालय के लिए प्रयास करने के लिए आश्वासन दिया। कार्यक्रम में मौजूद सभी अतिथियों ने कैंसर जैसी गंभीर बीमारी को लेकर जागरुक रहने प्रेरित किया। शिविर में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. नेहा साहू, डा.रश्मि सिंह, डा.वंदना जरगर और डा.हरलीन कौर खालसा द्वारा सेवाएं प्रदान की गई। वहीं जिला चिकित्सालय की ओर से डा.रागिनी ठाकुर, डा. तोमेश श्रीमाली सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सहभागिता निभाई ।

### शिविर में 300 से अधिक मरीज पहुंचे

शिविर में 90 महिलाओं की कैंसर स्क्रीनिंग की गई। सर्वाइकल जांच के लिए 16 महिलाओं के पैप स्मीयर सैंपल लिए गए। ब्रेस्ट कैंसर जांच के लिए 12 महिलाओं का परीक्षण व निरीक्षण किया गया। 300 से अन्य मरीजों की स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप, शुगर एवं अन्य रोगों की जांच की गई। जिले की मितानिन व एमटी मरीज लेकर पहुंचे थे।

### समाजसेवियों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम में डा. हीरा महावर, राजेश शर्मा, सरिता दीदी, रितुराज पवार, मनीष मित्तल, चंदू जसवानी, सतराम वासानी, मनीष चंद्राकर, रूचि साहू सहित रक्तदाताओं को प्लांट्स व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

# आमदी में जनगणना कार्य का अधिकारियों ने किया निरीक्षण



■ घर-घर पहुंचकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा, कर्मचारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमदी(धमतरी)

देशव्यापी जनगणना अभियान के प्रथम चरण अंतर्गत नगर पंचायत आमदी क्षेत्र में चल रहे सर्वे कार्य का अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान विभिन्न वार्डों में पहुंचकर जनगणना कार्य की प्रगति, कर्मचारियों की कार्यप्रणाली तथा नागरिकों से प्राप्त जानकारी का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने जनगणना कार्य को पूरी पारदर्शिता, सावधानी एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कहा कि जनगणना देश के विकास की आधारशिला है। जनगणना से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं का निर्माण एवं संसाधनों का निर्धारण किया जाता है। इसलिए प्रत्येक नागरिक की सही एवं सटीक जानकारी दर्ज होना आवश्यक है, ताकि भविष्य की योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों तक प्रभावी रूप से पहुंच सके। अधिकारियों ने जनगणना कार्य में लगे कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करना जिम्मेदारीपूर्ण कार्य है। कर्मचारियों को पूरी निष्ठा एवं धैर्य के साथ कार्य करना चाहिए तथा नागरिकों से सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखना चाहिए। नागरिकों से भी अपील की गई कि वे जनगणना दल को सही जानकारी प्रदान कर इस राष्ट्रीय कार्य में सहयोग करें। निरीक्षण के दौरान यह भी देखा गया कि सर्वे कार्य निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित हो रहा है या नहीं। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की त्रुटि या लापरवाही न हो तथा प्रत्येक घर तक जनगणना टीम की पहुंच सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकान गणना एवं मकान सूचीकरण का कार्य प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर मनोज मरकाम, राज्य नोडल अधिकारी दीपक कुशवाहा एवं चार्ज अधिकारी दीपक शुक्ला उपस्थित थे।

# 10वीं में झरना व 12वीं में निधि अव्वल



■ शाउमावि डाही में बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डांडेसरा(धमतरी)

शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय डाही में कक्षा दसवीं में दर्ज कुल 67 विद्यार्थियों में 45 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। प्रथम श्रेणी में 22, द्वितीय श्रेणी में 23 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 67.16 प्रतिशत रहा। विद्यालय में प्रथम झरना पटेल 91.5 प्रतिशत, द्वितीय किरण 89.83 प्रतिशत एवं तृतीय देवव्रत चंद्राकर 84 प्रतिशत रहे। कक्षा 12वीं में दर्ज 59 विद्यार्थियों में कुल 45 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। परीक्षा परिणाम 76.26 प्रतिशत रहा।

प्रथम श्रेणी में 31 व द्वितीय श्रेणी में 14 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। शाला में प्रथम निधि 87.4 प्रतिशत , द्वितीय कुसुम लता 81.6 प्रतिशत एवं तृतीय युवराज 81.2 प्रतिशत रहे। छात्रों की सफलता पर शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महेंद्र पटेल, प्राचार्य अजीत कुमार ध्रुव, व्याख्यातागण मनीष चंद्राकर, भोजकुमार साहू, नवनीत जॉनसन, पद्मिनी गजेंद्र, इलिशिबा जॉनसन, मधुलता त्रिपाठी, एनिमा सोसन बेक, राकेश कुमार ध्रुव शिक्षकों महेश नागराज, भारती साहू, भेल कुमार चंद्राकर, कमलेश कंवर, प्रशांत चंद्राकर ने हर्ष जताया है।

# केंद्रीय मंत्री जुएल उरांव से सामाजिक व संवैधानिक मुद्दों हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ ने जुएल उरांव केंद्रीय मंत्री जनजाति मामले भारत सरकार से मुलाकात कर विभिन्न सामाजिक एवं संवैधानिक मुद्दों पर चर्चा की साथ ही वीरांगना महारानी दुर्गावती बलिदान दिवस पर 24 जून को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ आने का अनुरोध किया जिस पर उन्होंने अपनी सहमति प्रदान की है।

आरएन ध्रुव प्रदेश अध्यक्ष छग अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ रायपुर के नेतृत्व में मुलाकात की गई। इस अवसर पर एसपी ध्रुव प्रांतीय संयुक्त सचिव, बिलासपुर जिलाध्यक्ष आरसी ध्रुव, मुंगेली जिलाध्यक्ष अकत सिंह ध्रुव, संतोष ध्रुव सचिव बिलासपुर, डीडी मांझी सदस्य राष्ट्रीय समन्वय मंच भारत उपस्थित थे।

# आंगनबाड़ी केंद्र में हुआ न्योता भोज का आयोजन

**डांडेसरा(धमतरी)।** आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 1 में नमन साहू के जन्मदिन पर पिता भोजलाल साहू एवं मां दुर्गा साहू द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को न्योता भोज में खीर-पूड़ी परोसी गई। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरस्वती लहरे, सहायिका दीक्षा सोनवानी, संध्या साहू, मोनिका साहू, अमरीका यादव, भामा साहू आदि उपस्थित थीं।

# ग्रामीणों को मिलेगा शुद्ध पेयजल



■ अर्जुनी में बोर खनन कार्य का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम अर्जुनी में पेयजल समस्या के समाधान के लिए बोर खनन कार्य का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत धमतरी के कृषि सभापति अग्रवाल साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अध्यक्षता सरपंच इंदु मोहित ध्रुव ने की। अन्य अतिथि उपसरपंच लाकेश सिन्हा एवं सरपंच प्रतिनिधि मोहित ध्रुव थे।

सभापति अग्रवाल साहू ने कहा कि गर्मी के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट को दूर करना प्राथमिकता है। बोर खनन पूर्ण होने के बाद गांव के लोगों को स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों को तेजी से पूरा किया जा रहा है ताकि ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके।

कार्यक्रम में पंच वेदप्रकाश ध्रुव, खेमराज सिन्हा, तेजराम नेताम, चंद्रशेखर सिन्हा, संदीप सोनवानी, लक्ष्मीनारायण सिन्हा, पिंकी बाई ध्रुव, सुषमा सिन्हा, तृप्ति मीनपाल, पुष्पा प्रजापति और रूक्मणि गौतम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# करियर गाइडेंस, समाज में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डांडेसरा(धमतरी)

परिक्षेत्र साहू समाज एवं अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ बानगर द्वारा ग्रामीण साहू समाज भवन डांडेसरा में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विषय विशेषज्ञ एवं प्रवक्ताओं द्वारा विभिन्न जानकारी दी गई। धर्मेंद्र साहू द्वारा करियर गाइडेंस, महेन्द्र साहू द्वारा समाज में युवाओं की भूमिका, भुनेश्वर साहू ने नशा मुक्ति, खिलेश्वर प्रसाद साहू ने संस्कार के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर ग्रामीण साहू समाज के संरक्षक हरिशंकर साहू, अध्यक्ष लाकेश साहू, उपाध्यक्ष पुरूष हरिश साहू, उपाध्यक्ष महिला मोहनी साहू, संगठन सचिव पुरूष सतीश कुमार साहू, संगठन सचिव महिला संध्या साहू, सचिव शिवकुमार साहू, कोषाध्यक्ष कैलाश साहू, सह कोषाध्यक्ष शेषनारायण साहू, सह सचिव निलकंठ साहू, अंकेक्षक महेश साहू, सलाहकार कलीराम साहू, चैनलाल साहू, प्रमुख सलाहकार किरण कुमार साहू, मंदिर समिति सदस्य तारेन्द्र साहू, देवेन्द्र साहू, महिला प्रकोष्ठ शीला साहू, युवा प्रकोष्ठ मनीष साहू, मुरली साहू, मीडिया प्रभारी टिकेश्वर साहू, समाज सेवक गोविंद साहू, डेरहाराम साहू, अंगदराम साहू, बाहरू राम ध्रुव उपस्थित थे।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप



### कार-बाइक की भिड़ंत में दो घायल

**धमतरी।** शनिवार की दोपहर कार व बाइक में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस घटना में बाइक सवार युवक व महिला घायल हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार पुरूर थाना क्षेत्र के ग्राम भर्रीगांव निवासी कुशल मंडावी व ग्राम करेठा निवासी आरती बंजारे मोटरसाइकिल में रूद्री की तरफ से आ रहे थे। इसी दौरान एक कार गंगरेल जा रही थी तभी जिंजर रेस्टोरेंट के पास कार व मोटरसाइकिल में आमने-सामने की जोरदार टककर हो गई। इस घटना में महिला को हल्की चोट आई है। वहीं युवक के पैर में गंभीर चोट लगी है। घटना की जानकारी होते ही सीएसपी के निर्देश पर वरदान परमार्थ सेवा समिति की टीम एम्बुलेंस के साथ तत्काल घटनास्थल पहुंची और घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार भिड़ंत इतनी तेज थी कि बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं सवार घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। समय रहते राहत कार्य होने से घायलों को त्वरित उपचार मिल पाया है।

■ लक्ष्मी निवास चौक के पास हुआ हादसा

### जल संरक्षण के दावों के बीच गांवों में गहराया पेयजल संकट : तारिणी

**धमतरी।** गर्मी बढ़ने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल संकट गहराने लगा है। इस संबंध में जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कहा कि धमतरी जिले के कई गांवों में तालाब, नदी और नाले सूखने लगे हैं, जिससे निस्तारी और पेयजल की समस्या गंभीर होती जा रही है। गांवों में लोगों की प्यास बुझाने वाले हैंडपंप भी अब जवाब देने लगे हैं। जलस्तर काफी नीचे चला गया है। इतनी गहराई से पानी निकालना हैंडपंपों के लिए संभव नहीं रह गया है। यदि समय रहते जल संकट पर काबू नहीं पाया गया तो आने वाले दिनों में कई गांवों में स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है। आगे कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बड़े प्रचार प्रसार के साथ शुरू किया गया जल जीवन मिशन आज जमीनी स्तर पर अपनी अपेक्षाओं पर खरा उतरता दिखाई नहीं दे रहा है। साथ ही साय सरकार द्वारा जल संरक्षण के नाम पर शासकीय धन का दुरुपयोग करते हुए जल जगार जैसे राष्ट्रीय इवेंट का आयोजन किया गया जिस क्षेत्र में यह आयोजन हुआ आज वही क्षेत्र पेयजल जैसी गंभीर समस्याओं से गुजर रहा है।



### अधिकारी-कर्मचारी बिना पूर्वानुमति के अवकाश पर नहीं करेंगे प्रस्थान

**धमतरी।** त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 के तहत जिले के चारों जनपद पंचायतों में उप निर्वाचन होना है। उप निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, स्थानीय निर्वाचन अबिनाश मिश्रा ने जिले में पदस्थ सभी अधिकारी, कर्मचारियों को आदेश जारी किया है कि वे उनकी पूर्वानुमति के बिना न तो अवकाश पर प्रस्थान करेंगे और न ही मुख्यालय छोड़ेंगे। अवकाश के दिनों में भी निर्वाचन से संबंधित आदेशों, पत्रों आदि को प्राप्त करने के लिए कार्यालय को खुला रखेंगे। आदेश में यह भी बताया गया कि सभी अधिकारी, कर्मचारियों के अवकाश की स्वीकृत के लिए संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर (पंचायत) की अनुशंसा आवश्यक होगी। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

■ जिला निर्वाचन अधिकारी ने जारी किया आदेश

# गंगरेल बांध में अवैध वाटर स्पोर्ट्स संचालन पर कार्रवाई की मांग

## गंगरेल ब्लू एडवेंचर स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने पूर्व अध्यक्ष पर लगाए गंभीर आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गंगरेल ब्लू एडवेंचर स्पोर्ट्स एसोसिएशन छग के अध्यक्ष अतिश वर्मा ने प्रेस क्लब भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में समिति के निष्कासित पूर्व अध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए अवैध तरीके से वाटर स्पोर्ट्स संचालन किए जाने की शिकायत की है।

उन्होंने शासन-प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

अतिश वर्मा ने कहा कि वर्ष 2016 से अब तक वाटर स्पोर्ट्स संचालन से होने वाली करोड़ों रुपए की आय समिति के खातों में जमा नहीं की गई, बल्कि कथित तौर पर निजी खातों एवं क्यूआर कोड के माध्यम से राशि का लेन-देन किया गया। उन्होंने वित्तीय अनियमितता और राशि गबन का आरोप लगाया।

प्रेस वार्ता में यह भी आरोप लगाया कि समिति की फर्जी बैठकें दर्शाकर सदस्यों के नकली हस्ताक्षर के जरिए प्रस्ताव तैयार किए गए। साथ ही संचालित वाटर स्पोर्ट्स में लगे कई बोट चालकों के पास वैध लाइसेंस नहीं होने की बात कही गई।

अतिश वर्मा ने दावा किया कि संचालन में उपयोग की जा रही कई मोटर बोट स्क्रैप से लाकर रंग-रोगन कर चलाई जा रही हैं, जिनमें सुरक्षा मानकों का पालन नहीं हो रहा।

उन्होंने कहा कि कई बोट के पास फिटनेस, बीमा और खरीदी संबंधी वैध दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं हैं, जिससे पर्यटकों की जान जोखिम में पड़ रही है।

उन्होंने वर्ष 2024 में गंगरेल बांध क्षेत्र में हुई घटनाओं का भी उल्लेख किया। बताया गया कि हाईकोर्ट के अधिवक्ता संजय शर्मा द्वारा पूर्व में भी अवैध वाटर स्पोर्ट्स संचालन की शिकायत की गई थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

वहीं दिसंबर 2024 में डोंगरगढ़ निवासी युवक संगम सागर की संदिग्ध मौत के मामले का उल्लेख करते हुए घटना की निष्पक्ष जांच की मांग दोहराई गई।

अतिश वर्मा ने कहा कि अवैध और असुरक्षित तरीके से संचालित गतिविधियां पर्यटकों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा हैं। उन्होंने प्रशासन से तत्काल जांच कर कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। प्रेस वार्ता में दिनेश तिवारी, हमेत साहू सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## आसपास के रहवासी तालाब में फेंक रहे कचरा, घरों का गंदा पानी भी आ रहा

# दीवान तालाब का पानी इतना प्रदूषित कि उपयोग करने पर हो रहा त्वचा रोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर के जालमपुर वार्ड स्थित दीवान तालाब की स्थिति इन दिनों बेहद खराब हो गई है। शहर के पुराने और प्रमुख जल स्रोतों में शामिल यह तालाब वर्षों से सफाई और रखरखाव के अभाव में प्रदूषित होता जा रहा है। तालाब में पानी तो पर्याप्त मात्रा में भरा हुआ है, लेकिन उसमें फैली गंदगी, कचरा और नालियों का गंदा पानी लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। आसपास के मोहल्लों के लोग दैनिक उपयोग, नहाने और कपड़े धोने के लिए कभी इस तालाब पर निर्भर रहते थे, लेकिन अब इसका पानी उपयोग योग्य नहीं रह गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि तालाब की पिछले कई साल से समुचित सफाई नहीं हुई है। बारिश का पानी नालियों के माध्यम से तालाब में पहुंचता है और पूरे साल जमा रहता है। तालाब कभी पूरी तरह सूखता नहीं, लेकिन नियमित सफाई नहीं होने के कारण इसकी हालत लगातार खराब होती जा रही है।

तालाब के गंदे पानी में नहाने से लोगों को खुजली और त्वचा संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कई लोगों ने अब तालाब में नहाना पूरी तरह बंद कर दिया है। कपड़े धोने पर भी कपड़े खराब हो रहे हैं। वार्डवासियों का कहना है कि कुछ लोग अपने घरों का कचरा तालाब में फेंक देते हैं, जिससे पानी में गंदगी बढ़ती जा रही है। इसके अलावा तालाब किनारे रहने वाले कई घरों का गंदा पानी सीधे नालियों के माध्यम से तालाब में छोड़ा जा रहा है। इससे पानी लगातार प्रदूषित हो रहा है और बदबू भी फैलने लगी है।

वार्डवासियों ने बताया कि इलाके में बनी कई सीसी सड़कें जगह-जगह से टूट चुकी हैं। सड़कों में गड्ढे हो जाने से लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नालियों की नियमित सफाई नहीं होने के कारण मलबा जमा हो गया है और पानी का बहाव प्रभावित हो रहा है।

स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि दीवान तालाब की जल्द सफाई कराई जाए और इसके संरक्षण के लिए स्थायी योजना बनाई जाए। लोगों का कहना है कि यह तालाब केवल जलस्त्रोत ही नहीं, बल्कि क्षेत्र की पहचान भी है। यदि समय पर ध्यान दिया जाए तो इसे फिर से स्वच्छ और उपयोगी बनाया जा सकता है।

### गंदे पानी से बढ़ रही चर्म रोग की समस्या



#### कई वर्षों से नहीं हुई सफाई

वार्ड पार्षद संजय देवांगन सहित वार्डवासी किशन पटेल, लक्की पटेल, भरत देवांगन, शिव नेताम और छबिलाल बंजारे ने बताया कि पिछले कई वर्षों से तालाब की समुचित सफाई नहीं की गई है। नगर निगम को कई बार आवेदन देकर तालाब की सफाई और सौंदर्यीकरण की मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है।

#### तालाब के चारों ओर पाथवे का निर्माण

वार्डवासियों ने मांग की है कि तालाब की सफाई कर उसमें नया पानी भरा जाए। साथ ही तालाब के चारों ओर पाथवे का निर्माण, पचरीकरण और नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था की जाए ताकि यह तालाब फिर से लोगों के उपयोग लायक बन सके। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

#### बारिश में नालियों का पानी घरों में घुसता है

बारिश होने पर भी नालियों का पानी ऊपर तक भर जाता है और कई घरों में घुसने लगता है। लोगों ने नालियों के चौड़ीकरण और गहरीकरण की मांग की है ताकि गंदे पानी की निकासी सुचारु रूप से हो सके। नागरिकों का कहना है कि लंबे समय से समस्याएं बनी हुई हैं, लेकिन समाधान की दिशा में अपेक्षित कार्य नहीं हो रहा है।

#### विकास कार्यों को लेकर पार्षद ने जताया भरोसा



जालमपुर वार्ड पार्षद संजय देवांगन ने कहा कि वार्डवासियों की मांगों को प्राथमिकता के साथ नगर निगम तक पहुंचाया गया है। उन्होंने बताया कि रोड, नाली, आंगनबाड़ी भवन, तालाब सौंदर्यीकरण, पट्टा सहित विभिन्न विकास कार्यों का एस्टीमेट तैयार कर निगम को सौंप दिया गया है। महापौर द्वारा सभी कार्य को पूर्ण कराने का भरोसा दिया गया है और कई कार्य वर्तमान में टेंडर प्रक्रिया में हैं। पार्षद ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में जालमपुर वार्ड के सभी लंबित विकास कार्य पूरे होंगे।

# 12वीं में 96 एवं 10वीं में 81 प्रतिशत विद्यार्थी सफल



■ स्वामी आत्मानंद विद्यालय हटकेशर का परीक्षा परिणाम शानदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय हटकेशर का कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 96 प्रतिशत तथा कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 81 प्रतिशत रहा।

कक्षा 10वीं में छवि साहू 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम रही। जिले की मेरिट सूची में सातवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। सिद्धि टंडन ने 92 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय एवं कुमारी थामेश्वरी साहू ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया।

कक्षा 12वीं वाणिज्य संकाय में त्रिलोक निषाद ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। खुशहाल सिन्हा 90 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं उमेंद्र भारद्वाज 88.8 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे। विज्ञान संकाय में खोमेश साहू ने 87.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, देवांशु साहू ने 86.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा वीरेंद्र साहू ने 83.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में होमेश सेन ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। दीपिका ने 72 प्रतिशत एवं टिकेश्वरी ने 69 प्रतिशत अंक अर्जित किए। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष केवल राम साहू, सदस्य उत्तमचंद जैन, गैंदूराम साहू, रितिक यादव, प्राचार्य राजकुमार शर्मा सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# अटंग सोसाइटी में किसानों ने जड़ा ताला



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति अटंग में किसानों ने ताला जड़ दिया है। कृषि ज्ञात हो कि साख सहकारी समिति अटंग में कंप्यूटर आपरेटर की कमी है। प्रबंधक गुरुनारायण पाठक को लिखित सूचना देने के बाद भी कर्मचारी की नियुक्ति नहीं किये जाने के कारण ग्राम अटंग, गोबरा एवं भालुकोना के किसानों में भारी आक्रोश है।

नाराज किसानों ने सहकारी समिति में कार्यरत कर्मचारियों को बाहर निकालकर गेट पर ताला लगा दिया। मौके पर किसान मन्नूलाल साहू, भागवत साहू, छोटूराम साहू, इंद्रूराम साहू, रामेश्वर साहू, नंद साहू, कलीराम साहू, शिव चेलक, चंद्रहास साहू, भागवत साहू बिसंभर साहू, रुद्रनाथ साहू, धनसाय साहू, श्रवण साहू, रूहेला साहू, श्रीराम यादव, डिगेन्द्र तारक, रोशन चंद्राकर, तेजराम साहू, आनंदप्रकाश, नरेश साहू, योगेश साहू, रामकुमार चंद्राकर, वीरसिंग साहू मौजूद थे।

# दस थाना व चौकी के प्रभार में फेरबदल



**धमतरी।** जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने व प्रशासनिक कसावट लाने एसपी ने दस थाना व एक चौकी प्रभारी के प्रभार में फेरबदल किया है। एसपी सूरज सिंह परिहार द्वारा पुलिस विभाग में व्यापक प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। जारी आदेश के तहत 8 निरीक्षक, 3 उपनिरीक्षक एवं 2 सहायक उपनिरीक्षकों का तबादला किया गया है। वहीं 10 थानों एवं 1 चौकी प्रभारी के प्रभार में परिवर्तन किया गया है। सिटी कोतवाली टीआई के रायपुर जिला स्थानांतरण होने से थाना कोतवाली प्रभारी का पद रिक्त हो गया था। वहीं एसपी रीडर के कवर्धा स्थानांतरण के बाद टीआई भखारा को एसपी रीडर के पद पर पदस्थ किया गया है जिसके कारण थाना प्रभारी भखारा का पद भी खाली था। इसके साथ ही साइबर सेल के साइबर थाना में उन्नयन होने से वहां निरीक्षक स्तर के अधिकारी की पदस्थापना आवश्यक थी। उक्त प्रशासनिक आवश्यकताओं एवं कार्य व्यवस्था को नजर में रखते हुए नवीन पदस्थापनाएं की गई हैं। एसपी कार्यालय से जारी सूची के अनुसार निरीक्षक राजेश जगत को सिटी कोतवाली प्रभारी, अवधराम साहू कुरूद थाना प्रभारी, शरद ताम्रकार भखारा प्रभारी, चक्रधर बाघ दुगली थाना, अरूण साहू नगरी, टुमनलाल डडसेना थाना खल्लारी, चन्द्रकांत साहू को अर्जुनी थाना व साइबर थाना का प्रभार, रामकिशन मरकाम को रक्षित केन्द्र भेजा गया है। इसी तरह एसआई लक्ष्मीशंकर मंडलेश्वर नगरी, अजय सिंह सिहावा प्रभारी, एएसआई प्रदीप सिंह चौकी प्रभारी बिरेझर व प्रकाश नाग को दुगली थाना में पदस्थ किया गया है।

## ग्रामीणों में आक्रोश, कड़ी कार्रवाई की मांग की

# कोर्रा में गौवंश के साथ अमानवीय कृत्य करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)



ग्राम पंचायत कोर्रा में मानवता को शर्मसार करने वाली एक गंभीर घटना सामने आई है। शुक्रवार रात बाजार चौक क्षेत्र में एक युवक पर गौवंश के साथ अमानवीय कृत्य करने का आरोप लगा है। ग्रामीणों के अनुसार, गांव के कुछ युवाओं ने आरोपी को संदिग्ध परिस्थिति में पकड़कर तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी तथा सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

बताया जा रहा है कि आरोपी की पहचान ग्राम कोर्रा निवासी राजू महार के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि इससे पूर्व भी उक्त युवक पर इसी तरह की हरकत करने का आरोप लग चुका है। पूर्व में स्कूल खेल मैदान परिसर में गौवंश के साथ अनुचित व्यवहार की शिकायत सामने आई थी, जिस पर ग्रामीण स्तर पर समझाइश और सामाजिक दंड की कार्रवाई की गई थी। लगातार दूसरी बार ऐसी घटना सामने आने के बाद ग्रामीणों का कहना है कि अब केवल सामाजिक दंड पर्याप्त नहीं है, बल्कि आरोपी के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 299 तथा पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(1) (क) के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पशुओं के प्रति क्रूरता एवं इस प्रकार के घृणित कृत्यों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

#### पुलिस को मामले की सूचना दे दी गई है

पुलिस ने बताया कि ग्राम कोर्रा के ग्रामीणों एवं सरपंच द्वारा थाना भखारा में लिखित शिकायत दी गई थी कि गांव में एक व्यक्ति द्वारा गौमाता के साथ अश्लील एवं अप्राकृतिक कृत्य किया गया है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए भखारा पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की। जांच के दौरान प्राप्त तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर आरोपी राजू गनीर उर्फ वेदप्रकाश गनीर (38 वर्ष) निवासी ग्राम कोर्रा थाना भखारा के विरुद्ध प्रथम दृष्टया अपराध प्रमाणित पाया गया। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# सीसी रोड निर्माण में अनियमितता की शिकायत



**धमतरी।** ग्राम हथबंद तालाब रोड निर्माण कार्य में अनियमितता की शिकायत कलेक्टर से की गई है। ग्राम भेंडरवानी निवासी बसपा कार्यकर्ता जितेंद्रकुमार पटेल ने कलेक्टर के नाम शिकायत आवेदन में कहा है कि कुरूद जनपद के ग्राम पंचायत जीजामगांव में वित्त वर्ष 2025-26 मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना मद से हथबंद तालाब रोड में सीसी रोड का निर्माण किया गया है। जिसमें पंचायत एवं ठेकेदार ने मिलीभगत कर निर्माण कार्य की लागत एवं बिल वाउचर में बड़ी राशि की बंदरबाट की है। कार्य शुरु होने से लेकर कोर कटिंग तक, पंचायत प्रस्ताव में भुगतान संबंधित बिल वाउचर में कम सामग्री की अधिक राशि का बिल बनाया गया है। लेन देन की आवश्यक जांचकर उचित कार्रवाई की मांग की गई है।











माँ दंतेश्वरी हाईस्कूल रत्नाबांधा, धमतरी
सत्र 2026-27 में शिक्षण कार्य हेतु
शिक्षक/शिक्षिकाओं की आवश्यकता है

| क्र. | पद | विषय | पद संख्या | योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक शिक्षक | हिन्दी एवं कम्प्यूटर (समस्त विषय) | 03 | स्नातक / स्नातकोत्तर / डी.एड / बी.एड |
| 2. | व्याख्याता | हिन्दी | 01 | स्नातक / स्नातकोत्तर / डी.एड / बी.एड |
| 3. | व्याख्याता | अंग्रेजी | 01 | स्नातक / स्नातकोत्तर / डी.एड / बी.एड |
| 4. | व्याख्याता | गणित | 01 | स्नातक / स्नातकोत्तर / डी.एड / बी.एड |
| 5. | व्याख्याता | विज्ञान | 01 | स्नातक / स्नातकोत्तर / डी.एड / बी.एड |
| 6. | व्याख्याता | सामाजिक विज्ञान | 01 | स्नातक / स्नातकोत्तर / डी.एड / बी.एड |

- स्वहस्त लिखित आवेदन पत्र के साथ समस्त शैक्षणिक दस्तावेजो (1 सेट फोटोकॉपी) के साथ कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर जमा करें। (रिज्यूम, आधारकार्ड, फोटो) अनिवार्य।
- ऑफिस समय सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक संपर्क करें।
- फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 25 मई 2026 है।
- इंटरव्यू का तिथि एवं समय आपको कॉल या Whatsapp के माध्यम से बताया जाएगा।

माँ दंतेश्वरी हाईस्कूल रत्नाबांधा, धमतरी
हॉउसिंग बोर्ड कॉलोनी, न्यू एलआईसी ऑफिस के पीछे रत्नाबांधा, धमतरी
कार्यालय संपर्क नं. : 8770402801, 6263243208, 7587830870